>

Title: Need to set up a Land Custom Station at Balmiki Nagar, district Champaran, Bihar with a view to promote trade with Nepal.

श्री कैलाश बैठा (बगहा) : महोदय, बिहार प्रांत के पश्चिमी चम्पारण जिले के अन्तर्गत बाल्मीकि नगर में लैंड कस्टम स्टेशन बनाये जाने की आवश्यकता है। यह जानकर खुशी हुई कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सीमा प्रबंधन विभाग को इस प्रस्ताव पर सिद्धांततः कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही, नेपाल सरकार भी त्रिवेणी-बाल्मीकि नगर के रास्ते आपसी व्यापार हेतु उत्सुक है तथा उसने व्यापार संधि के तहत आपसी व्यापार हेतु प्रस्तावित मार्गों की सूची में इसे शामिल भी कर लिया है। हमारा सरकार से आग्रह है कि निश्चित रूप से निकट भविष्य में नेपाल से होने वाली द्विपक्षीय वार्ता में इस विÂ◌ाय को शामिल किया जाये ताकि बाल्मीकि नगर भी रक्सौल की तरह समृद्ध एवं विकसित हो सके तथा सरकार को भी राजस्व प्राप्ति हो।